## Page Three Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# नेपाल सीमा को जोड़ने वाली झूलाघाट सड़क हुई खस्ताहाल

**प्रदर्शन**

## जिले में कई बार लोग सड़क की दुर्दशा को लेकर कर चुके है प्रदर्शन

**निर्मल भट्ट। विशेष रिपोर्ट**

पिथौरागढ़। जिला मुख्यालय से बतीस किमी दूर भारत और नेपाल के बीच सीमा बनाने वाली काली नदी के किनारे स्थित झूलाघाट कस्बे को जोड़ने के लिए बनाई गई सड़क पिछले दो साल से खस्ताहाल पड़ी हुई है।

बता दें कि यह सड़क सीमा क्षेत्र के गांवों के लिए लाइफ लाइन मानी जाती है। इसी सड़क से सैन्य क्षेत्र के लिए भी इसका महत्व सामरिक तौर पर देखा जाता है। जानकारी के मुताबिक यहां के बिण, वड्डा, बिसखोली सहित कई स्थानों पर सड़क में लगा डामर उखड़ चुका है। जिले में क्षेत्र के लोग आकर इस सड़क की दुर्दशा को सुधारे जाने को लेकर खासा प्रदर्शन भी कर चुके है। आजतक इस सड़क की स्थिति जस की तस पड़ हुई है। क्षेत्र के लोगों की ऐसी स्थिति में नाराजगी संबधित महकमें के खिलाफ देखने को मिल रही है। क्षेत्र के नाराज लोगों कई बार इस



मामले पर अपनी बात रखने के बाद भी अपने को ठगा सा महसूस कर रहे है। जहां एक ओर आए दिन नेपाल सीमा क्षेत्र में चौड़ी सड़कों के निर्माण को बढ़ा रहा है वही दूसरी ओर भारत में सड़कों की स्थिति आये दिन लंबे समय से बेहद खराब होती जा रही है। यह सड़क नेपाल सीमा के साथ ही जिले की नैनी सैनी हवाई पट्टी और जिले के सैन्य क्षेत्र को भी जोड़ती है।

बता दें कि एडीबी द्वारा बीते आठ साल पूर्व में इस सड़क के सुधारीकरण को लेकर कुछ कदम प्रयास करने के बढ़ाये थे लेकिन पूर्व के बीते आठ साल के बाद भी यह सड़क वास्तविक तौर पर अपनी बदहाल तस्वीर बयां करने में आगे बड़ती जा रही है।

सामरिक तौर पर पिथौरागढ़ झूलाघाट सड़क के लगातार खस्ताहाल पड़े होने से जिले के सीमा पर बसे गांव के लोग व सैन्य सेवाओं के क्षेत्र के लिए बनी यह सड़क आज भी जगह जगह से वैसे ही हालत में पड़ी है।

महत्वपूर्ण सड़क होने के वावजूद भी जिम्मदार विभाग अभी भी मौन अवस्था में पड़ा हुआ है। इस बारे में लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता सीपी सिह ने कहा कि पिथौरागढ़ झूलाघाट सड़क की स्थिति वास्तिविक तौर पर बेहद खराब है। यह सड़क जिन जिन स्थानों पर खराब पड़ी हुई है उसका हमारे विभाग द्वारा जल्द ही चिन्हीकरण कर लिया जायेगा। रहा सवाल बिण से लेकर वड्डा तक के सड़क में पड़े हुए गड्ढों का उनको विभाग द्वारा जल्द ठीक कर लिया जायेगा।

## न्यूज डायरी

### किशोरी लापता, अपहरण की आशंका

**संवाददाता** रुड़की। रामपुर गांव से किशोरी लापता हो गई। पिता ने गली के ही एक युवक पर अपहरण का शक जताया है। किशोरी का मोबाइल नंबर बंद है। गंगनहर कोतवाली क्षेत्र के रामपुर गांव निवासी एक ग्रामीण के यहां मकान का निर्माण चल रहा है। 16 अक्टूबर को ग्रामीण मकान की सामग्री लेने बाहर गया था। ग्रामीण की पत्नी भी किसी काम के सिलसिले में बाहर गई थी। घर में ग्रामीण की नाबालिग बेटी समेत तीन बच्चे अकेले थे। दोपहर में किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों में घर से गायब हो गई। किशोरी की काफी तलाश की गई, लेकिन कुछ पता नहीं चला। ग्रामीण को किसी ने बताया कि उनकी बेटी अक्सर ही गली के एक युवक के साथ बात करती थी। स्वजन युवक के घर पहुंचे तो वह भी गायब मिला। स्वजनों ने युवक पर बेटी के अपहरण का शक जताते हुए पुलिस से शिकायत की है।

### जुआ खेलते पांच गिरफ्तार

**संवाददाता** लंढौरा। पुलिस ने जुआ खेलते पांच आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पूछताछ के बाद पुलिस ने उनका चालान कर दिया। शुक्रवार देर रात पुलिस को सूचना मिली कि मंगलौर से लिब्बरहेड़ी की ओर जाने वाले मार्ग पर कुछ व्यक्ति आम के बाग में जुआ खेल रहे हैं। इस पर पुलिस ने बाग की घेराबंदी करते हुए पांच व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से तीन ताश की गड्डी, 2510 रुपये मिले। एसएसआइ डीएस रावत ने बताया कि पकड़े गए आरोपितों में अब्दुल रहमान और बिलाल निवासीगण मोहल्ला मलानपुरा, हुमायूं निवासी मोहल्ला मिरदगान, अरशद और मुरसलीन निवासी मोहल्ला सैनीपुरा शामिल हैं।

### सड़क के डामरीकरण की मांग

**संवाददाता** बड़कोट। डख्याटगांव वार्ड के जिला पंचायत सदस्य आनंद सिंह राणा ने जिलाधिकारी को ज्ञापन भेजकर खस्ताहाल हालत में पड़े राजगढ़ी–गंगटाड़ी मोटर मार्ग के डामरीकरण की मांग की है। जिला पंचायत सदस्य आनंद राणा ने कहा कि राजगढ़ी–गंगटाड़ी मोटर मार्ग पर आए दिन 15–20 गांव के ग्रामीण आवागमन करते हैं। लेकिन, डामरीकरण के अभाव में खस्ताहाल पड़े इस मोटर मार्ग पर चलना दूभर हो रखा है। मार्ग पर डामर पूरी तरह उखड़ रखा है तथा मार्ग पर जगह–जगह गड्ढे बने हुए हैं। जो दुर्घटनाओं को न्योता दे रहे हैं। वाहन चालकों के लिए इस मार्ग पर चलना खतरे से खाली नहीं है। कई बार क्षेत्र के दुपहिया वाहन चालक चोटिल भी हो चुके हैं। उन्होंने मांग की है कि संबंधित विभाग द्वारा इस मार्ग का स्थलीय निरीक्षण कराकर मार्ग के डामरीकरण के लिए धनराशि आवंटित की जाए। दुर्घटनाओं को रोकने के लिए इस मार्ग का डामरीकरण किया जाना नितांत आवश्यक है।

## नवरात्र के पहले दिन महिला चीता की सौगात, कन्या ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**संवाददाता** हल्द्वानी। महिलाओं को सुरक्षा प्रदान करने के लिए नैनीताल पुलिस ने नई पहल की है। शनिवार पहले नवरात्र से हल्द्वानी में महिला चीता पुलिस की शुरुआत की। नवरात्र के पहले दिन कन्या ने हरी झंडी दिखाकर चीता पुलिस को रवाना किया। हंस फाउंडेशन की और से सभी जिलों को पुलिस चीता स्कूटी प्रदान की गई हैं। इस दौरान मौजूद एसएसपी सुनील कुमार मीणा ने कहा महिला चीता पुलिस महिला अपराधों पर लगाम लगाने में मददगार साबित होगी। इस दौरान 9 स्कूटी पर महिला पुलिस के जवान शहर के लिए रवाना हुए। महिला चीता से मदद के लिए आपको 112 अथवा 1090 नंबर डायल करना होगा। आपके फोन काल पर पुलिस तत्काल पहुंचेगी।

## दो ठेला कारोबारियों का चालान, सीएम पोर्टल की शिकायत पर दौड़े अधिकारी

**संवाददाता** हल्द्वानी। सीएम पोर्टल में की गई शिकायत पर खाद्य सुरक्षा विभाग ने शनिवार को मंडी बायपास रोड पर छापेमारी की। इस दौरान बिना अनुमति व बिना लाइसेंस के ठेला लगाने पर दो लोगों का चालान किया गया। जबकि एक दुकानदार को नोटिस भी थमाया गया।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी हल्द्वानी कैलाश चंद्र टम्टा ने बताया कि शहर के एक व्यक्ति ने सीएम समाधान पोर्टल में शिकायत दर्ज कराई है। जिसमें उसने कहा है कि मंडी बायपास रोड पर अग्निशमन विभाग के आफिस से टीपी नगर रोड तिराहे तक कुछ लोगों द्वारा हर रोज बिना अनुमति के ठेला लगाकर मांस बेचा जा रहा है। जिससे शाम के समय क्षेत्र में अराजकता का माहौल बना रहता है। पोर्टल की शिकायत पर कार्रवाई के निर्देश प्राप्त होने पर शनिवार को खाद्य सुरक्षा



अधिकारी टम्टा ने मौके पर पहुंचकर छापेमारी की।

अग्निशमन विभाग के कार्यालय के समीप बरसाती नहर पर दो ठेला कारोबारियों का चालान किया गया। वहीं टीपी नगर रोड तिराहे पर बिरयानी की दुकान बिना लाइसेंस के चला रहे एक व्यक्ति को नोटिस जारी किया गया। हालांकि शनिवार होने के चलते क्षेत्र में कम ही कारोबारी मिले।

## फिर गुरना मंदिर के पास चट्टान कटिंग को देखते हुए वाहनों को रोके जाने की उठी मांग

**संवाददाता**

### आलवेदर रोड पर कटिंग का काम जारी

पिथौरागढ़। आलवेदर रोड पर घाट से पिथौरागढ़ के मध्य गुरना मंदिर के पास अंतिम चरण का कटिंग कार्य अब हाइवे पर तेजी से हो रहा है। सात दिनों तक सात घंटे इस सड़क पर यातायात पूरी तरह से बंद है।

जानकारी के मुताबिक जिला प्रशासन से मिली सूचना के मुताबिक टनकपुर पिथौरागढ़ राष्टीय राजमार्ग 125 में गुरना मंदिर के पास सडक कंटिग का कार्य चल रहा है। गुरना मंदिर के पास पहाड़ी की उंचाई ज्यादा है। प्रशासन द्वारा तय समय पर इस काम को पूरा करना बड़ा चुनौती है। वही वर्तमान बाया थल होते हुए लोग वाहनों से



आवाजाही कर रहे है। साल दिसबंर के अंत तक लोनवि खड़ द्वारा यह काम पूरा किया जाना लगभग तय है। वही अब इस काम को पूरा कराने के लिए विभाग द्वारा कमर कस ली गई है। वही अब काम को जारी रखते हुए संबधित राष्ट्रीय राजमार्ग खंड लोहाघाट द्वारा जिलाधिकारी पिथौरागढ़ को भेजे पत्र में मांग की है कि गुरना मंदिर के पास चट्टान कटिंग का काम के जारी रहने के मद्देनजर अब सत्रह से लेकर पचीस तक पूरी तरह वाहनों व लोगों की आवाजाही पर रोक लगाने को लेकर पत्र प्रेषित किया है। बता दें कि वाहनों की आवाजाही पर जब पूरी तरह रोक लगेगी तब यह काम ठीक ठाक तरीके से निपट सकेगा। वही हादसों पर ब्रेक लगेगा। वही अब सडक के पास चट्टान कटिग का काम पूरी तरह जारी है।

### कोरोना की जांच रिपोर्ट न मिलने पर अस्पताल में हंगामा

**संवाददाता** रुड़की। कोरोना की जांच रिपोर्ट ऑनलाइन मिलने के सरकार भले ही लाख दावे कर ले, लेकिन हकीकत यह है कि सात और दस अक्टूबर को लिए गए सैंपलों की जांच रिपोर्ट अब तक नहीं आई है। जांच रिपोर्ट का इंतजार कर रहे लोगों ने शनिवार को अस्पताल में जमकर हंगामा किया। उन्होंने बताया कि रिपोर्ट न आने के कारण उनके कई महत्वपूर्ण कार्य रुक गए हैं। किसी का ऑपरेशन नहीं हो पा रहा है तो कोई अपनी ड्यूटी ज्वाइन नहीं कर पा रहा है। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक ने हंगामा करने वालों को बामुश्किल समझा–बुझाकर शांत कराया। सिविल अस्पताल रुड़की से लिए गए करीब डेढ़ हजार से अधिक कोरोना के सैंपल की रिपोर्ट लंबित पड़ी है। रिपोर्ट लेने के लिए बड़ी संख्या में लोग सिविल अस्पताल आ रहे हैं। शनिवार को बड़ी संख्या में रिपोर्ट लेने आने वालों को जब यह बताया गया कि रिपोर्ट अभी नहीं आई है तो वे गुस्सा गए। उन्होंने अस्पताल परिसर में हंगामा शुरू कर दिया। आदर्श नगर निवासी कमल ने बताया कि उनके पिता का ऑपरेशन होना है।